sp; Need to set up industries based on agriculture, dairy development, fisheries and setting up of a mega food park in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) ः बुन्देलखण्ड सहित पूरे देश में रोज़गार प्राप्ति हेतु पलायन एक सामाजिक दंश है और इसको रोकने के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 23 करोड़ लोगों ने रोज़गार के लिए पलायन किया है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पलायन को देखते हुए रोज़गार की नीति की समीक्षा की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश में स्थिति और भी चिन्ताजनक है जहां 60 प्रतिशत पलायन अन्य राज्यों में हुआ है और जी.डी.पी. मे वृद्धि के उपरान्त भी कृषि में 95 प्रतिशत रोज़गार का ह्रास हुआ है। बुन्देलखण्ड का मुख्य व्यवसाय कृषि है। कृषि में रोज़गार की कमी के कारण बहुत बड़ी संख्या में लोगों का पलायन अन्य क्षेत्रों में हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) के हमीरपुर-महोबा-तिन्दवारी (बुन्देलखण्ड) में कृषि विकास के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योग, डेयरी विकास, मछली पालन, मेगा फूड पार्क निर्माण की आवश्यकता है और इस क्षेत्र में यमुना के किनारे उपलब्ध पर्याप्त मात्रा में जमीन, सघन श्रम उपलब्धता उद्योग जगत के लिए एक आकर्षक निवेश स्थल भी है।